दिनांक 04.11.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत बिहार सहकारिता प्रशिक्षण-सह-शोध संस्थान, गया जी चिन्हित भूमि में चहारदिवारी, मुख्य द्वार, डयूटी रूम तथा सोलर पैनल अधिष्ठापन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थितिः-

(i)	**श्री विनोद चौधरी,** मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**अध्यक्ष**
(ii)	**श्री अभय कुमार सिंह,** अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया जी।	-	**सदस्य**
(iii)	**श्री अखिलेश कुमार,** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी।	-	**सदस्य**

1	कार्य का नाम	- गया जी जिलान्तर्गत बिहार सहकारिता प्रशिक्षण-सह-शोध संस्थान, गया जी चिन्हित भूमि में चहारदिवारी, मुख्य द्वार, डयूटी रूम तथा सोलर पैनल अधिष्ठापन के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹2,02,88,000/- (अपर सचिव, सहकारिता विभाग का पत्रांक-336 दिनांक-02.09.2025)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹1,57,17,800/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1614(नि0) अनु0 दिनांक-16.10.2025)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 1,55,88,987/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 2,10,93,198/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-007312(भ0) 26-27 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-07.07.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 07.07.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 23.07.2026 (अधी0अभि0 / 30.07.2026 (मु0अभि0)
9	निविदा की तिथि	- 10.08.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 11.08.2026
11	**निविदादाता का नाम एवं पता**	-

(1) अलिसा इंजिकॉन, खगौल रोड, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No- 5323, BUIDCO) ।
(2) संजय कुमार, शास्त्री नगर, जेल रोड, रामपुर, गया जी (Reg. No.- 1250074, Class-I , BCD)।
(3) डॉयनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No-1260090, Class-I, BCD) ।
(4) रामरतन प्रसाद यादव, बाराचट्टी, गया जी (Reg. No- 123032, Class-I, RWD) ।
(5) ड्रिमस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसट्रक्सन, मसानखोन, बेलहा, दरभंगा (Reg. No.- 1643, BSEIDCL)।
(6) मुकेश कुमार, रामनगरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No-1000001, Class-I, RWD) ।
(7) राजमानस वेंचर प्रा0 लि0, मगध मेडिकल, गया जी (Reg. No-2250131, Class-II, BCD) ।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में तीन निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में तीनों निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 29.09.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए छः निविदाकार को सफल किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-05.10.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही हुआ है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराया गया, जो सही पाया गया है, तद्पोरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

क्रं0 सं0	संवेदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	अलिसा इंजिकॉन, खगौल फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No-5323, BUIDCO)।	₹2,10,93,198/-	15.96 % कम	₹ 1,77,26,724/-
2	संजय कुमार, शास्त्री नगर, जेल रोड, रामपुर, गया जी (Reg. No.-1250074, Class-I , BCD)।		15.69 % कम	₹ 1,77,83,675/-
3	डॉयनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No-1260090, Class-I, BCD)।		0.09 % कम	₹ 2,10,74,214/-
4	रामरतन प्रसाद यादव, बाराचट्टी, गया जी (Reg. No- 123032, Class-I, RWD)।		AT PAR	₹ 2,10,93,198/-
5	ड्रिमस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसट्रक्सन, मसानखोन, बेलहा, दरभंगा (Reg. No.- 1643, BSEIDCL)।		15.99 % कम	₹ 1,77,20,396/-
6	राजमानस वेंचर प्रा0 लि0, मगध मेडिकल, गयाजी (Reg. No-2250131, Class-II, BCD)।		13.93 % कम	₹ 1,81,54,916/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार ड्रिमस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसट्रक्सन, मसानखोन, बेलहा, दरभंगा (Reg. No.- 1643, BSEIDCL) है।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ''ड्रिमस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसट्रक्सन, मसानखोन, बेलहा, दरभंगा (Reg. No.- 1643, BSEIDCL)'' को परिमाण-विपत्र की दर से 15.99 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹1,77,20,396/- (एक करोड़ सतहत्तर लाख बीस हजार तीन सौ छियानवे रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया, तद्नुसार मुख्य अभियंता (द0) स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(अखिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, गया जी।

ह0/-
(अभय कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

ह0/-
(विनोद चौधरी)
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-03-121/2025.....25725..... पटना/दिनांक...04/11/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4/11/2026

मुख्य अभियंता (द0)।